शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2021

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं । सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर कम-से-कम 600 शब्दों में दीजिए :

भाषा शिक्षण उद्देश्यों को किन-किन वर्गों में विभाजित किया जाता है ? मातृभाषा के कौशल सम्बन्धी शिक्षण उद्देश्य बताइए ।

अथवा

हिन्दी कविता शिक्षण विधि गद्य शिक्षण विधि से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए ।

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

भाषा शिक्षण में क्रियात्मक अनुसन्धान का क्या महत्त्व है ? भाषा शिक्षण सम्बन्धी किसी समस्या पर क्रियात्मक अनुसन्धान की रूपरेखा तैयार कीजिए ।

अथवा

भाषा शिक्षण में शैक्षणिक निदान एवं उपचारात्मक शिक्षण का क्या महत्त्व है ? उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए ।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर कम-से-कम 120 शब्दों में दीजिए ।

(क) बच्चे मौखिक अभिव्यक्ति में कौन-सी सामान्य त्रुटियाँ करते हैं ? आप उनका निराकरण कैसे करेंगे ?

(ख) भाषा शिक्षण अधिगम में भाषाई कौशलों के वर्गीकरण को आरेख द्वारा समझाइए ।

(ग) प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए किस प्रकार की कहानियों का चयन करना चाहिए और क्यों ?

(घ) लिखित भाषा शिक्षण के मुख्य सोपान स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) आधुनिक काल की प्रमुख प्रवृत्तियों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(च) हिन्दी शिक्षक के गुणों का उल्लेख कीजिए ।

(छ) कहानी के मूल तत्त्व स्पष्ट कीजिए ।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर कम-से-कम 600 शब्दों में दीजिए :

भाषा शिक्षण में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री का विवेचन करते हुए सहायक सामग्री का प्रयोग करते समय ध्यान रखने योग्य बातों का वर्णन कीजिए ।